रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-24112025-267940
CG-DL-E-24112025-267940

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 774] नई दिल्ली, सोमवार, नवम्बर 24, 2025/अग्रहायण 3, 1947
No. 774] NEW DELHI, MONDAY, NOVEMBER 24, 2025/AGRAHAYANA 3, 1947

## वित्त मंत्रालय

## (आर्थिक कार्य विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 2025

**सा.का.नि. 860(अ).—** केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.** — (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का निर्माण (श्री गुरु तेग बहादर जी के 350 वें शहीदी दिवस का स्मरणोत्सव के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2025 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्के का मूल्यवर्ग.** — श्री गुरु तेग बहादर जी के 350 वें शहीदी दिवस के अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी किये जाने के लिए टकसाल में तीन सौ पचास रुपये मूल्य वर्ग का सिक्का ढाला जाएगा।

3. **सिक्के की विमाएं और संरचना.** — नियम 2 में उल्लिखित मूल्यवर्ग का सिक्का निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होगा ,अर्थात्:-

| सिक्के का मूल्यवर्ग | आकृति और बाह्य व्यास | दांतेदार किनारे की संख्या | धातु संयोजन |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| तीन सौ पचास रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | शुद्ध चांदी<br>चांदी- 99.9 प्रतिशत |

4. **डिज़ाइन.** — सिक्के का डिज़ाइन वह होगा जो इन नियमों के साथ उपाबद्ध पहली अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

5. **मानक वजन और अनुज्ञात उपचार.** — श्री गुरु तेग बहादर जी के 350 वें शहीदी दिवस के अवसर को स्मरणीय बनाने के लिए नियम 2 में निर्दिष्ट मूल्यवर्ग के सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों के साथ उपाबद्ध दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

**पहली अनुसूची**
**(नियम 4 देखें)**

**तीन सौ पचास रुपये**

**अग्र भाग:**
सिक्के के इस भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह स्तम्भ शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह स्तम्भ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"350"** भी होगा ।

**पृष्ठ भाग:**
सिक्के के इस भाग के मध्य में गुरुद्वारा सीस गंज साहिब का चित्र होगा। चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंको में वर्ष "**1675 - 2025**" उत्कीर्ण होगा। सिक्के की ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"श्री गुरु तेग बहादर जी के 350 वें शहीदी दिवस का स्मरणोत्सव**" तथा **" गुरु तेग बहादर सिमरिऐ"** उत्कीर्ण लेख उत्कीर्णित होगा। सिक्के की निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"COMMEMORATION OF SRI GURU TEGH BAHADUR JI'S 350$^{TH}$ MARTYRDOM DAY"** उत्कीर्ण लेख अंकित होगा।

**दूसरी अनुसूची**
**(नियम 5 देखें)**

| सिक्के का मूल्यवर्ग | मानक वजन | अनुज्ञात उपचार | |
|---|---|---|---|
| | | संयोजन में | मानक वजन में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| तीन सौ पचास रुपये | 40 ग्राम | प्रति 1000 में 999 भाग चांदी। चांदी के अंश की सहनशीलता 999 और उसके ऊपर होगी। | 1/8000 वें हिस्से की वृद्धि या कमी, अर्थात वज़न 39.995 ग्राम से 40.005 ग्राम तक हो सकता है। |

[फा. सं. 02/44/2025-सिक्का]

अपर्णा भाटिया, सलाहकार

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 24th November, 2025

**G.S.R. 860(E).—** In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement**. — (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of Commemoration of Sri Guru Tegh Bahadur Ji's 350th Martyrdom Day) Rules, 2025.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin**. — The coin of Three Hundred Fifty Rupees denomination shall be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of Sri Guru Tegh Bahadur Ji's 350th Martyrdom Day.

3. **Dimension and composition of coin**. — The denomination of the coin mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: -

| Denomination of the coin | Shape and outside diameter | Number of serrations | Metal composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Three Hundred Fifty Rupees | Circular 44 millimeters | 200 | **Pure Silver** Silver - 99.9 per cent. |

4. **Design**. — The design of the coin shall be as specified in the First Schedule annexed to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed**. — The standard weight of the coin of denomination referred to in rule 2 to commemorate the occasion of Sri Guru Tegh Bahadur Ji's 350th Martyrdom Day and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule annexed to these rules.

**THE FIRST SCHEDULE**

**[See rule 4]**

**THREE HUNDRED FIFTY RUPEES**

**OBVERSE:**

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devanagari script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value "**350**" in the international numerals below the Lion Capitol.

**REVERSE:**

This face of the coin shall bear the image of Gurdwara Sis Ganj Sahib at the centre of the coin. The year "**1675 - 2025**" in international numerals shall be inscribed below the image. The inscription **"श्री गुरु तेग बहादर जी के 350 वें शहीदी दिवस का स्मरणोत्सव"** and **"गुरु तेग बहादर सिमरिऐ"** shall be inscribed in Devanagari script on the upper periphery of the coin. The inscription "**COMMEMORATION OF SRI GURU TEGH BAHADUR JI'S 350TH MARTYRDOM DAY"** in English shall be depicted on the lower periphery of the coin.

**THE SECOND SCHEDULE**

**[See rule 5]**

| Denomination of the coin | Standard weight | Remedy allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In standard weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Three Hundred Fifty Rupees | 40 Grams | 999 parts of silver per 1000. The tolerance for Silver content shall be 999 and above. | 1/8000$^{th}$ plus or minus that is to say, the weight could be 39.995 grams to 40.005 grams. |

[F. No. 02/44/2025-Coin]

APARNA BHATIA, Adviser

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

AMIT KUMAR JAISWAL Digitally signed by AMIT KUMAR JAISWAL Date: 2025.11.24 20:06:02 +05'30'